-प्रेस नोट-

दिनांक 14.12.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय नकबजन/चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 शातिर चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर चोरी के आभूषण, नगदी, अवैध तमंचा व घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद

बरामदगी का विवरणः-

- 01 मंगलसूत्र (काले मोती व पीली धातु)
- 01 मांग का टीका (पीली धातु)
- 04 अंगूठी (पीली धातु)
- 02 गले का हार (पीली धातु)
- 01 ब्रेसलेट (पीली धातु)
- 03 नथ (पीली धातु)
- 03 चेन (पीली धातु)
- 01 नथ की चेन (पीली धातु)
- 01 बिंदी (पीली धातु)
- 01 जोड़ी छोटे टॉप्स (पीली धातु)
- 01 लोकेट छोटा (पीली धातु)
- 01 जोड़ी झुमके बड़े (पीली धातु)
- 02 कान की बालिया छोटी (पीली धातु)
- 04 कंगन (पीली धातु)
- 02 कान की लटकन (पीली धातु)
- 04 जोडी पायल (सफ़ेद धातु)
- 01 सिक्का (सफ़ेद धातु)
- 06 जोड़ी बिछुवे (सफ़ेद धातु)
- 02 नोज पिन (पिली धातु)
- 02 नोज पिन (सफ़ेद धातु)
- 01 अंगूठी (सफ़ेद धातु)
- 54,000/- रुपये नगद,
- 01 आई-10 कार (रंग सफ़ेद) घटना में प्रयुक्त (मय 02 फर्जी नम्बर प्लेट)
- 01 तमंचा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस

अवगत कराना है कि दिनांक 03.12.2024 को वादी श्री हरीकान्त शर्मा पुत्र मानिकचन्द शर्मा निवासी न्यू मक्खन कालोनी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा वादी के मकान में घुसकर एक लाख रू व सोने चांदी के आभूषण चोरी करने के सम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 712/24 धारा 331(3)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर चोरी की घटना का सफल अनावरण व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये।** आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.12.2024 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 03 शातिर चोर/अभियुक्तगण **1.शैलेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र रामचरन विश्वकर्मा निवासी चाणक्यपुरी थाना श्योर जिला श्योर मध्य प्रदेश हाल पता किराए का मकान डॉo अंसारी का स्याना अड्डे के पास कस्बा गढ़मुक्तेश्वर थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़, 2. मौo आशु पुत्र अहमद अली निवासी 1402 भंडा पट्टी-2 सिकंदर गेट थाना कोतवाली सिटी जनपद हापुड़ 3. सरफराज पुत्र ईदवा उर्फ़ ईद-उल-हसन निवासी मoनo 1404 भंडा पट्टी-2 सिकंदर गेट थाना कोतवाली सिटी जनपद हापुड़** को मुखबिर की सूचना पर चौकी खलासी लाइन छोटी लाइन पर चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे व निशानदेंही से पीली व सफेद धातु के आभूषण, नगदी, 01 आई-10 कार, 01 अवैध तमंचा.315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुऐ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 725/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया एवं मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2),318(4)336(2)BNS बीएनएस की वृद्धि की गयी। **अभियुक्तों के विस्तृत आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।** गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम तीनो ताला बंद घरो में रेकी करके ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते है और बाद में चोरी में मिले माल को आपस में बाँट लेते है। हमारे द्वारा पूर्व में कई जनपदों/राज्यों में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है हम तीनो से चोरी के जो आभूषण बरामद हुए है, इनमे से कुछ आभूषण हमने इसी महीने की 03 तारीख को सहारानपुर में ITC रोड के पास से दिन के समय में एक ताला बंद घर का ताला तोड़कर चोरी किये थे और कुछ आभूषण हम लोगो ने इसी महीने की 02 तारीख को देहरादून में जीएमएस पर पटेल नगर के पास से एक तालाबंद फ्लैट से ताला तोड़कर चोरी किये थे। जो नगदी चोरी में मिलती है वो नगदी हम आपस में बांट लेते हैं, तथा नगदी खत्म हो जाने पर अपना खर्चा चलाने के लिए उस चोरी से मिले आभूषण में से सोने का समान व कुछ चांदी का सामान राह चलते लोगो को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते है और उनसे मिले रुपये को आपस में बांट लेतें है। अवैध तमंचे के बारे में पूछने पर बताया कि यह तमंचा हम चोरी करते समय मकान मालिक या कोई घर में आ जाए तो उसको तमंचा दिखाकर डरा-धमकाकर वहा से चोरी करके आसानी से निकल जाने के लिए रखते है। बरामद i-10 कार के बारे बताया कि इस कार को हमने कुछ दिन पहले ही दिल्ली के व्यक्ति से खरीदा है लेकिन अभी अपने नाम नहीं कराई है चोरी की घटना में इस कार का उपयोग करते समय फर्जी नम्बर प्लेट लगा लेते है। जिसकी डिग्गी में हम घरों का ताला तोड़ने के लिए एक लोहे की रॉड़ भी रखते है आज भी हम लोग रात्री में किसी ताला बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को करने की फिराक में रेकी कर रहे थे लेकिन उससे पहले ही आपने हमको पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. शैलेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र रामचरन विश्वकर्मा निवासी चाणक्यपुरी थाना श्योर जिला श्योर मध्य प्रदेश हाल पता किराए का मकान डॉo अंसारी का स्याना अड्डे के पास कस्बा गढ़मुक्तेश्वर थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़।
2. मौo आंशु पुत्र अहमद अली निवासी 1402 भंडा पट्टी-2 सिकंदर गेट थाना कोतवाली सिटी जनपद हापुड़।
3. शरफराज पुत्र ईदवा उर्फ़ ईद-उल-हसन निवासी मoनo 1404 भंडा पट्टी-2 सिकंदर गेट थाना कोतवाली सिटी जनपद हापुड़।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 मंगलसूत्र काले मोती व् पीली धातु का, 01 मांग का टीका पीली धातु की, 01 अंगूठी मर्दानी नग लगा हुई पीली धातु की, 03 अंगूठी जनानी पीली धातु की, 01 गले का हार पीली धातु का, 01 हाथ का ब्रेसलेट पीली धातु, 01 गले का हार पीली धातु, 03 नाक की नथ पीली धातु, 01 चेन बड़ी पीली धातु, 01 नथ की चेन छोटी पीली धातु, 01 बिंदी पीली धातु, 01 जोड़ी छोटे टॉप्स पीली धातु, 01 लोकेट छोटा पीली धातु, 01 चेन बड़ी पीली धातु, 01 जोड़ी झुमके बड़े पीली धातु, 01 चेन छोटी पीली धातु, 02 कान की बालिया छोटी पीली धातु व् 29500/- रुपये नगद, **संबधित मु0अ0स0 712/2024 धारा 331(3),305(A) BNS थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर**
- 04 कंगन पीली धातु व 02 कान की लटकन पीली धातु **संबधित मु0अस0 782/2024 धारा 305(A) बीएनएस थाना पटेल नगर जनपद देहरादून उत्तराखण्ड**,
- 04 जोडी पायल सफ़ेद धातु, एक सिक्का सफ़ेद धातु, 06 जोड़ी बिछुवे सफ़ेद धातु, दो नोज पिन पिली धातु, 02 नोज पिन सफ़ेद धातु, 01 अंगूठी सफ़ेद धातु जनानी, 24500/- रुपये नगद **सम्बंधित मुoअoसंo 642/24 धारा 331(1),305(A) BNS व वृद्धि धारा 317(2) BNS थाना सदर बाजार सहारनपुर**
- 01 देशी नाजायज तमंचा .315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर अंतर्गत **धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर।**
- 01 कार i-10 (रंग सफ़ेद) घटना में प्रयुक्त मय 02 फर्जी नम्बर प्लेट

**अभियुक्त शैलैन्द्र विश्वकर्मा का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 244/2015 धारा 380/411/457भादवि थाना बाग्सेवानिया मध्य प्रदेश
2. मु0अ0सं0 423/2015 धारा 380/454 भादवि थाना पिपलानी मध्य प्रदेश
3. मु0अ0सं0 268/2014 धारा 380/457 भादवि थाना मिसरोड मध्य प्रदेश
4. मु0अ0सं0 429/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश
5. मु0अ0सं0 090/2015 धारा 380/454 भादवि थाना कोलर रोड मध्य प्रदेश
6. मु0अ0सं0 091/2015 धारा 380/454 भादवि थाना कोलर रोड मध्य प्रदेश
7. मु0अ0सं0 0192/2014 धारा 380/454 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश
8. मु0अ0सं0 414/2014 धारा 380/454 भादवि थाना टीटी नगर मध्य प्रदेश
9. मु0अ0सं0 259/2015 धारा 380/454 भादवि थाना टीटीनगर मध्य प्रदेश
10. मु0अ0सं0 133/2015 धारा 380/411/457 भादवि थाना पिपलानी मध्य प्रदेश
11. मु0अ0सं0 090/2014 धारा 380/454 भादवि थाना चूनाभट्टी मध्य प्रदेश
12. मु0अ0सं0 189/2015 धारा 380/454 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश

13.मु0अ0सं0 287/2014 धारा 380/411/457 भादवि थाना कमला नगर मध्य प्रदेश
14.मु0अ0सं0 200/2015 धारा 380/454 भादवि थाना टीटीनगर  मध्य प्रदेश
15.मु0अ0सं0 249/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड  मध्य प्रदेश
16.मु0अ0सं0 289/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड  मध्य प्रदेश
17.मु0अ0सं0 095/2015 धारा 380/454 भादवि थाना कोलार रोड  मध्य प्रदेश
18.मु0अ0सं0 526/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड  मध्य प्रदेश
19.मु0अ0सं0 192/2014 धारा 380/454 भादवि थाना कोलार रोड  मध्य प्रदेश
20.मु0अ0सं0 305/2014 धारा 380/454 भादवि थाना बाग्सेवानिया मध्य प्रदेश
21.मु0अ0सं0 273/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश
22.मु0अ0सं0 470/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश
23.मु0अ0सं0 371/2013 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश
24.मु0अ0सं0 533/2015 धारा 380/457 भादवि थाना कोलार रोड मध्य प्रदेश
25.मु0अ0सं0 123/2013 धारा 380 भादवि थाना कोलार रोड  मध्य प्रदेश
26.मु0अ0सं0 196/2015 धारा 380/457 भादवि थाना गोविन्दपुरा  मध्य प्रदेश
27.मु0अ0सं0 345/2015 धारा 380/454 भादवि थाना गोविन्दपुरा मध्य प्रदेश

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री रविन्द्र  सिंह थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
3. उ0नि0 सुशील कुमार  थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
4. उ0नि0 श्री देवेन्द्र अधाना थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
5. है0का0 67 कुलदेव  थाना सदर  बाजार जनपद सहारनपुर
7. है0का0 850 सचिन थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
8. है0का0 660 कपिल थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
9. का0215 सुमित थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
10 है0का0825 मनोज थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
11. है0का0753 अमरपाल थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
12. का02011 अजय तोमर थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
13. का0947 शान्तनू थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
14. का01815 विशाल थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः14.12.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द, पुलिस द्वारा 01 NBW वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.12.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस टीम द्वारा 01 वारंटी **अभियुक्त मन्ना उर्फ मनोज पुत्र अमर सिंह उर्फ हरपाल सिंह नि0 ग्राम असदपुर करन्जाली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर** को सम्बन्धित वाद संख्या 776/11 सरकार बनाम सुभाष आदि मु0अ0सं0 152/10 धारा 323/504 भादवि थाना देवबन्द जिला सहारनपुर मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवबन्द सहारनपुर नियत दि0 19.12.2024, को निर्गत एनबीडब्ल्यू वारंट में ग्राम असदपुर करंजाली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

मन्ना उर्फ मनोज पुत्र अमर सिंह उर्फ हरपाल सिंह नि0 ग्राम असदपुर करन्जाली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1- उ0नि0 श्री राजेन्द्र सिंह राणा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

2- है0का0 09 महबूब अली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 14.12.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी, सहारनपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.12.2024 को थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त सद्दाम पुत्र इसुफ नि0 रहमानिया मस्जिद अहमद नगर खाताखेड़ी थाना मण्डी स0पुर को सम्बन्धित वाद सं0 1434/20 , मु0अ0स0 306/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना मण्डी स0पुर नियत दिनांक 04/01/25 (न्यायालय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश सहारनपुर) मे अभियुक्त / वारण्टी को रहमानिया मस्जिद अहमद नगर खाताखेड़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

सद्दाम पुत्र इसुफ नि0 रहमानिया मस्जिद अहमद नगर खाताखेड़ी थाना मण्डी स0पुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0का0 477 विनोद कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक- 14.12.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी/अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियत्रण एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री बीनू सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.12.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना मिर्जापुर पुलिस टींम द्वारा 01 वारण्टी **अभियुक्त नानक उर्फ गोपाल पुत्र जसवीर निवासी ग्राम फतेहपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर** सम्बन्धित वाद सं0 1752/19 धारा 60/72 आबकारी अधि0 व 420/467/468 भादवि व वाद0 2960/19 धारा 60/72 आबकारी अधि0 चालानी थाना मिर्जापुर को ग्राम फतेहपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का नाम व पताः-**

नानक उर्फ गोपाल पुत्र जसवीर निवासी ग्राम फतेहपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 बिजेन्द्र सिंह रावल थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
2. हेका0 891 अमित राठी थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 14.12.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण, वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिहं थाना कुतुबशेर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.12.2024 को वारण्टी अभियुक्त **सुरेश कुमार कश्यप पुत्र श्री बुद्धु सिंह निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर सम्बन्धित वाद सं0 2286/24, परिवाद सं0 69/20 धारा 138 एनआई एक्ट (अतिरिक्त न्यायालय सहारनपुर)** को ग्राम उनाली से गिरफ्तार किया गया। वारंटी अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का नाम व पता-**

सुरेश कुमार कश्यप पुत्र श्री बुद्धु सिंह निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिहं थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 अवशेष भाटी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 653 आदेश कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. का0 2033 अजय कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

दिनांकः14.12.2024

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़ पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाली 01 अभियुक्ता को किया गिरफ्तार, कब्जे से 50 ग्राम स्मैक (कीमत लगभग 3 लाख रूपये) बरामद ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा अबैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व इसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 14.12.24 को थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा गस्त व चैकिंग के दौरान **अभियुक्ता सुमन पत्नी विनोद निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर** को **ग्राम छापुर से आगे ट्यवैल के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व** बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 426/24 धारा 8/21/29 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-** अभियुक्ता ने पूछने पर बताया कि गरीब हूँ तथा मजदूरी का कार्य करती हूँ तथा पैसों के लालच में स्मैक नजदीकी जनपद से खरीद कर लाती हूँ। मैं यह काम अब से करीब 02 महीने पहले से कर रही हूँ स्मैक खरीद कर गांव देहात में इसे बेचकर काफी पैसे कमा लेती हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पताः-**

सुमन पत्नी विनोद निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 50 ग्राम स्मैक ( लगभग कीमत 3 लाख रूपये)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0श्री आजाद सिंह थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
3. है0का0 464 प्रवेश कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
4. का0 81 राहुल राणा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
5. का0 1220 मनीष कौशिक थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
6. म0का0 871 रश्मि थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 14.12.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मात्र 24 घण्टे में गुमशुदा लडकी को तलाश कर उसके परिजनों को किया सुपुर्द

अवगत कराना है कि दिनाँक 13.12.2024 को वादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर वादिया की पुत्री घर से बिना बताये चले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर गुमशुदगी पंजीकृत की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में लापता की तलाश व महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेस-05 के तहत **ऑपरेशन मुस्कान** के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.12.2024 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम व मिशनशक्ति टीम द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए गुमशुदा लडकी को पेपरमिल रोड से सकुशल बरामद कर लडकी को परिजनों को सुपुर्द किया गया लडकी के परिजनों द्वारा अपनी लड़की सकुल वापस पाकर थाना सदर बाजार पुलिस, मिशन शक्ति टीम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय का कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए, भूरि-भूरि प्रसन्नता की।

**गुमशुदा को तलाश करने वाली पुलिस टीमः-**

1. म0उ0नि0 श्री अंजू सिंहं थाना सदर बाजार सहारनपुर
2. है0का0 727 जितेन्द्र थाना सदर बाजार सहारनपुर
3. म0का02133 पायल थाना सदर बाजार सहारनपुर
4. म0का0 175 ज्योति वर्मा थाना सदर बाजार सहारनपुर